an>

Title: Need to check increasing air and water pollution caused by industrial units in Akbarpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

*mo1

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र अकबरपुर (उत्तर प्रदेश) में जनपद कानपुर नगर की कल्याणपुर, महाराजपुर, बिठूर वं घाटमपुर तथा जनपद कानपुर देहात की अकबरपुर रनियां विधान सभा सम्मिलित है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जी.टी. रोड, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-आगरा राजमार्ग एवं कालपी रोड पर कई औद्योगिक क्षेत्र हैं जिनमें सैकड़ों औद्योगिक संस्थान स्थापित हैं। इन औद्योगिक संस्थानों से प्रतिदिन 500 टन से अधिक अपशिÂट पदार्थ एवं लाखों लीटर प्रदूÂिाित जल के साथ-साथ धुएं की धुंध एवं डस्ट निकलती है। पर्यावरण एवं प्रदूÂ ाण के निस्तारण के मानकों के लगातार उल्लंघन एवं मिल मालिकों व विभागीय अधिकारियों की सांठ-गांठ से पूरे क्षेत्र में जन-जीवन अस्त-व्यस्त एवं गभीर घातक बीमारियों से ग्रस्त हो गया है। ज्ञात हो कि कानपुर नगर के ग्राम बिनौर तथा कानपुर देहात के औद्योगिक क्षेत्र रनियां व जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों सहित सैकड़ों ऐसी औद्योगिक इकाईयाँ हैं जिनके द्वारा अपशिÂट पदार्थों, प्रदूÂिाित जल, पानपी के खनन एवं कचरे का यथाउचित निस्तारण न किये जाने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य कायम हो गया है। जहरीला धँआ उगलती चिमनियों से आम आदमी का सांस लेना दूभर हो गया है जिसके संबंध में मैंने जिलाधिकारी एवं राज्य प्रदूÂाण नियंत्रण बोर्ड को दिनांक 15.10.2014 को पत्र लिखकर औद्योगिक इकाईयों द्वारा मानकों के विपरीत की जा रही कार्यवाहियों को तत्काल रोके जाने का आग्रह किया था परंतु अत्यंत खेद का विÂाय है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अभी तक इस गंभीर परिस्थिति को नज़रअंदाज कर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान एवं क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उक्त औद्योगिक इकाईयों के साथ-साथ पर्यावरण को प्रदूÂिाित करने वाली अन्य इकाईयों पर जनहित में अंकुश लगाकर प्रदूÂाण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार उक्त औद्योगिक इकाईयों को संचालित कराने की कृपा करें।